कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड पन्ना (म0प्र0)

क्रमांक / 1050 / लेखा / कार्य. / लोस्वायां. / खंड / 2026 पन्ना, दिनांक :15/5/2026

संशोधन क्र. – 1

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 08 / 2026–27 पन्ना, दिनांक 08–05–2026 में निम्नानुसार संशोधन प्रतिस्थापित किए जाते हैं :–

क्र.	सिस्टम टेण्डर आई.डी. क्रमांक	विवरण	जारी संशोधन
1	2026_PHED_506023_1	SECTION 3 Conditions of Contract Part – II Special Conditions of Contract (SCC) Point No. 14 – Annxure-1	Read as Annexure-3 in place of Annexure-1, which is enclosed.

उपरोक्त संशोधन वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर अपलोड किए जायेंगे।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड पन्ना

परिशिष्ट– 3

मध्यप्रदेश शासन
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
मंत्रालय, भोपाल
Email: ustechphed@mp.gov.in

//आदेश//

भोपाल, दिनांक 26 MAR 2026

F. 16-181/2012/2/34: लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर आधारित आमंत्रित निविदाओं में 15 प्रतिशत से अधिक नीचे की दर प्राप्त होने पर निविदा दर को अव्यवहारिक (Unworkable) मानते हुए सफलतम निविदाकार द्वारा निविदत दर अनुसार गणित निविदा राशि (Tendered Amount) एवं निविदा की अनुमानित लागत से 15 प्रतिशत कम राशि (Amount 15% Below PAC) के अंतर की राशि अतिरिक्त Performance Guarantee के रूप में लिए जाने के निर्देश विभागीय आदेश क्रमांक- 530/आर-74/2014/2/34 भोपाल 06/02/2017 से प्रभावशील हैं।

2/ मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय, भोपाल के आदेश क्रमांक एफ-53/02/2011 /यो/19/524 भोपाल दिनांक 14/02/2025 से निविदा में अव्यवहारिक दरें प्राप्त होने पर अतिरिक्त Performance Guarantee के संबंध में आदेश जारी किया गया है। उक्त के अनुक्रम में विभागीय आदेश क्रमांक 530/आर-74/2014/2/34 भोपाल 06/02/2017 के बिंदु क्रमांक 2(i) को संशोधित कर निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाता है :-

1) निविदा में 10 प्रतिशत कम दर प्राप्त होने पर कोई अतिरिक्त परफॉरमेंस गारंटी की राशि नहीं लिया जाना है।

2) निविदा में 10 से 20 प्रतिशत तक कम दर आने पर निविदा दर 10 प्रतिशत से बढ़कर जितने प्रतिशत कम होगी PAC राशि का उतना प्रतिशत अतिरिक्त परफॉरमेंस गारंटी की राशि निम्नानुसार होगी:-

उदाहरण- यदि निविदा की अनुमानित लागत (PAC) Rs- 100.00 लाख है, तथा सफलतम निविदाकार की दर 14 प्रतिशत Below SOR हो तो अतिरिक्त परफॉरमेंस गारंटी की गणना निम्नानुसार होगी: -

एफ.डी.आर. के रूप में प्रस्तुत की जाने वाली अतिरिक्त परफॉरमेंस गारंटी की राशि:-

Probable Amount of Contract (PAC) X Rate Below SOR Beyond 10% = 100 (14%-10%) Rs - 4.00 लाख

3) निविदा में 20 प्रतिशत से अधिक कम दर (RATES BELOW SOR BEYOND 20%) आने पर निविदा दर आने पर गणना निम्नानुसार होगी:-

उदाहरण- यदि निविदा की अनुमानित लागत (PAC) Rs- 100.00 लाख है तथा सफलतम निविदाकार की दर 24 प्रतिशत Below SOR हो तो अतिरिक्त परफारमेंस गारंटी की गणना निम्नानुसार होगी:-

एफ.डी.आर. के रूप में प्रस्तुत की जाने वाली अतिरिक्त परफॉरमॅस गारंटी की राशि:- A+B

A) Probable Amount of Contract X1 x Rates Below SOR Beyond 10% upto 20%) = 100 x 1x (10%) Rs- 10.00 लाख

B) Probable Amount of Contract X Rates Below SOR Beyond 20%= 100 x 2x (4%) = Rs- 8.00 लाख अर्थात कुल अतिरिक्त परफॉरमेंस गारंटी की राशि (A+B)=Rs. 18.00 लाख

3/ राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि भविष्य में विभाग में प्रतिशत दर पर आधारित आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं में अव्यवहारिक दरें प्राप्त होने पर पैरा-2 अनुसार ही अतिरिक्त Performance Guarantee की गणना की जाए।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा
आदेशानुसार

26/03/2026
(शैलेष कुमार जैन)
अवर सचिव,
मध्यप्रदेश शासन
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

पृ. क्रमांक F.16-181/2012/2/34 26 MAR 2026

प्रतिलिपिः

1. निज सचिव, माननीय मंत्री जी, म.प्र. शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
2. निज सचिव, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
3. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित, भोपाल की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित
4. प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल भवन भोपाल की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित
5. समस्त मुख्य अभियंता/अधीक्षण यंत्री/कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मध्यप्रदेश की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

26/03/2026
अवर सचिव,
मध्यप्रदेश शासन
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग